| |
|---|
| दिनांक 05.07.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 363/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद जौनपुर/थाना शाहगंज

- **50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 05.07.2026 को थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त हृदयनारायण को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त हृदय नारायण शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना शाहगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—हृदय नारायण निवासी सौदमा थाना पवई जनपद आजमगढ़।

## जनपद हाथरस/थाना हाथरस गेट

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद**

दिनांक 04.07.2026 को थाना हाथरस गेट, थाना हाथरस जंक्शन व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दयानतपुर नहर के पास बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त शानू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना हाथरस गेट पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना हाथरस गेट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शानू निवासी गंगचौली थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

## जनपद मेरठ/थाना किठौर

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 10 हजार 800 रूपये नगद**
- **लूट की 01 मोटर साइकिल, 01 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 04/05.07.2026 को थाना किठौर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गंगा ढाबा के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–विपिन घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–विकास उर्फ रोहित उर्फ गुरू सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट के 10 हजार 800 रूपये नगद, लूट की 01 मोटर साइकिल, 01 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना किठौर क्षेत्रन्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना किठौर पर अभियोग पंजीकृत कर

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, मोटर साइकिल, मोबाइल फोन आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना किठौर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विपिन निवासी सरूरपुर जनपद मेरठ।

2—विकास उर्फ रोहित उर्फ गुरू निवासी ग्राम महरोली थाना परतापुर जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1—लूट के 10 हजार 800 रूपये नगद।

2—लूट की 01 मोटर साइकिल, 01 मोबाइल फोन।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन आदि।

**जनपद मेरठ/थाना लिसाड़ी गेट**

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **09 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध पिस्टल .32 बोर**
- **05 निर्मित/ अर्द्ध निर्मित अवैध मैग्जीन**
- **भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि**
- **घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन बरामद**

दिनांक 05.07.2026 को थाना लिसाड़ी गेट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हुमायूंनगर के पास से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 03 अभियुक्तों 1—वसीम 2—आफताब 3—नदीम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 09 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध पिस्टल .32 बोर, 05 निर्मित/ अर्द्ध निर्मित अवैध मैग्जीन, भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि, घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना लिसाड़ी गेट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–वसीम निवासी जामिया चौक थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ।

2–आफताब निवासी हुमायूं नगर थाना लोहियानगर जनपद मेरठ।

3–नदीम निवासी चमड़ा पैठ थाना लोहियानगर जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–09 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध पिस्टल .32 बोर।

2–05 निर्मित/ अर्द्ध निर्मित अवैध मैग्जीन।

3–भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

4–घटना में प्रयुक्त 01 दो पहिया वाहन।

## कमिश्नरेट कानपुर नगर/थाना अरौल

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 06 मोटर साइकिल व 01 मोबाइल फोन बरामद**

दिनांक 05.07.2026 को थाना अरौल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे अंडरपास के नीचे विषधन रोड से 03 अभियुक्तों 1–रविशंकर 2–गोविन्द 3–देव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 06 मोटर साइकिल व 01 मोबाइल फोन बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना अरौल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रविशंकर निवासी ठठिया खेड़ा थाना ठठिया जनपद कन्नौज।

2–गोविन्द निवासी नसरापुर थाना कोतवाली जनपद कन्नौज।

3–देव निवासी कृष्णानगर थाना कोतवाली जनपद कन्नौज।

**बरामदगी**

1–चोरी की 06 मोटर साइकिल व 01 मोबाइल फोन।

———————